भोपाल मेट्रो रेल परियोजना के प्रायोरिटी कॉरिडोर के आठ मेट्रो रेल स्टेशनों के निर्माण का भूमि-पूजन

drishtiias.com/hindi/printpdf/bhoomi-poojan-for-the-construction-of-eight-metro-rail-stations-of-priority-corridor-of-bhopal-metro-rail-project

चर्चा में क्यों?

19 नवंबर, 2021 को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एम्स के पास भोपाल मेट्रो रेलवे परियोजना के तहत 426 करोड़ 67 लाख रुपए की लागत से बनने वाले आठ रेलवे स्टेशनों का भूमि-पूजन किया।

प्रमुख बिंदु

- जिन आठ मेट्रो रेल स्टेशनों का भूमि-पूजन हुआ, उनमें एम्स, अलकापुरी, रानी कमलापति, डीआरएम ऑफिस, एमपी नगर, डीबी सिटी, केंद्रीय विद्यालय और सुभाष नगर शामिल हैं। इनकी कुल लागत 426 करोड़ 67 लाख रुपए है।
- इन परियोजना कार्य की लागत में 20 प्रतिशत इक्विटी भारत सरकार, 20 प्रतिशत इक्विटी प्रदेश सरकार तथा शेष 60 प्रतिशत राशि मल्टीलेटरल बैंक से बतौर ऋण ली जा रही है।
- इस परियोजना के प्रायोरिटी कॉरिडोर में एम्स से सुभाष नगर तक नए और पुराने शहर को जोड़ने का कार्य होगा। नागरिक सुविधा को बढ़ाने और पर्यावरण की रक्षा के लिये इस कार्य का विशेष महत्त्व है।
- भोपाल मेट्रो रेल परियोजना में दो कॉरिडोर हैं। एक पर्पल कॉरिडोर, जिसकी लंबाई 16.74 किलोमीटर होगी। दूसरा रेड कॉरिडोर, जिसकी लंबाई 14.21 किलोमीटर होगी। भूमिगत और एलिवेटेड मेट्रो पर्पल कॉरिडोर भी बनेगा।
- रेड कॉरिडोर में 14 और पर्पल कॉरिडोर में 16 स्टेशन होंगे। स्वचालित किराया संग्रह की व्यवस्था होगी। परियोजना की अनुमानित लागत 6,941 करोड़ 40 लाख रुपए है।
- उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कार्पोरेशन लिमिटेड भोपाल और इंदौर में परियोजना पर कार्य कर रहा है। भोपाल में एम्स से करोंद चौराहा तथा भदभदा चौराहे से रत्नागिरि चौराहे तक दो मेट्रो कॉरिडोर बनाए जा रहे हैं। इनकी लंबाई लगभग 30 किलोमीटर है।
- सितंबर 2023 तक भोपाल में मेट्रो रेल का परिवहन शुरू होगा, जिसका लाखों नागरिकों को लाभ मिलेगा।